हरिभूमि
# कोरिया भूमि
बिलासपुर, रविवार, 24 दिसंबर 2023
[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

तापमान
अधिकतम 24 डिग्री
न्यूनतम 12 डिग्री

4 श्रीराम कथा के नौवें दिन राम सीता का विवाह समारोह



**अतिशीघ्र आवश्यकता है**

20-पद फायरमैन/ 10-सेफ्टी ऑफिसर एवं 20- अग्निशमन वाहन चालक हैवी लाइसेंस, 10-पद इलेक्ट्रिकल, योग्यता-Fire-Safety डिप्लोमा/ITI, अनुभवी एवं फ्रेशर, कद-168cm, उम्र 22 वर्ष, 50-पद-सिक्योरिटी गार्ड 10th पास फ्रेशर कद-168cm, उम्र 20 वर्ष, 20-पद-सिक्योरिटी सुपरवाइजर ग्रेजुएट अनुभव 6 माह, कद-170cm उम्र 22 वर्ष, कार्यस्थल:- संपूर्ण छत्तीसगढ़

भर्ती-दिनांक 26 एवं 27 12.2023

पता:- फायर सेफ्टी इंस्टिट्यूट, कैंपस:- इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल सुपेला, भिलाई, जिला-दुर्ग, छत्तीसगढ़

मोबाइल:-76972-12782

### 3100 प्रति क्विंटल की घोषणा के बाद किसानों की भीड़
# समितियों में अब रिकार्ड तोड़ धान की आवक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

किसानों से धान खरीदी के लिए अब 38 दिन शेष है। 31 जनवरी तक धान खरीदी होनी है। अब तक कोरिया एमसीबी के 46 उपार्जन केन्द्रों में 9443 से अधिक किसानों से करीब 468280.4 क्विंटल धान की खरीदी की गई, वहीं इसके बदले किसानों को करोड़ों रुपए का भुगतान भी कर दिया गया है।

धान खरीदी एक नवंबर से शुरू हो चुकी है, जो कि 31 जनवरी तक चलेगी। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन ने कोरिया जिले में कुल 1 लाख 33 हजार मीट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य रखा है। हालांकि अभी अगले 38 दिन तक धान खरीदी चलेगी। गौरतलब है कि जिले में बरसात बंद होने के बाद मौसम साफ होते ही किसान फिर से बचे हुए धान की कटाई और मिंजाई में लग गए थे। वहीं 3100 रुपए प्रति क्विंटल धान खरीदी की घोषणा के बाद धान खरीदी केन्द्रों में भी धान की आवक फिर से एक बार बढ़ने लगी है। धान खरीदी के लिए केवल 38 दिन ही बचे हैं। ऐसे में धान खरीदी के लक्ष्य को पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी। कोरिया में 22 उपार्जन केन्द्र बनाए गए थे। इनमें गिरजापुर, चिरमी, जामपारा, झरनापारा, छिंदिया तरगवां धौराटिकरा, पटना, पोड़ी, बैमा, बड़ेकलुआ, रजौली, सरभोका, कटगोड़ी, सलबा और सोनहत के उपार्जन केन्द्र में बड़ी संख्या में किसानों ने धान बेचा है। समितियों के द्वारा दोनों जिलों में अब तक 468280.4 क्विंटल धान खरीदा गया है। कोरिया जिले में 2 लाख 87 हजार 638.8 क्विंटल और एमसीबी जिले में 1 लाख 80 हजार 641.6 क्विंटल धान खरीदा जा चुका है, इसके लिए किसानों को 23 दिसंबर की स्थिति में 1 अरब, 2 करोड़ 22 लाख, 56 हजार 113.2 रुपए का भुगतान कर दिया गया है। इसमें एमसीबी जिले में किसानों को 39 करोड़ 43 लाख 40 हजार 612.8 रुपए का भुगतान और कोरिया जिले में किसानों को 62 करोड़ 79 लाख 15 हजार 500.4 रुपए का भुगतान किया गया है। किसानों से अब तक 23 करोड़ 34 लाख 91 हजार 845.24 रुपए की ऋण वसूली भी की जा चुकी है। धान कटाई और मिसाई अब पूर्णता की ओर है। इसलिए उपार्जन केन्द्रों में धीरे-धीरे धान की आवक बढ़ गई है। आने वाले दिनों में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी में और तेजी आएगी।

किसानों का कहना है कि छग में समय पर मानसून की दस्तक के बाद बीच में वर्षा ब्रेक की स्थिति निर्मित हो गई थी। इस कारण धान की खेती में भी विलंब हुआ। सितंबर के अंतिम दिनों तक धान की रोपाई हुई इस कारण धान की कटाई और मिसाई का कार्य भी विलंब से हुआ। 1 नवंबर से धान की खरीदी आरंभ हो चुकी थी, लेकिन समितियों में धान लेकर आने वाले किसानों की संख्या कम थी। इस बीच चुनावी शोरगुल में धान बिक्री को लेकर किसानों में भी ज्यादा उत्साह नहीं दिखा था। इसके बाद वे मौसम बरसात केकारण भी किसान धान की कटाई नहीं कर रहे थे,लेकिन अब अधिकांश उपार्जन केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर बिक्री के लिए धान लेकर किसान पहुंचने लगे हैं। इस महीने के अंत तक समितियों में धान की आवक बढ़ जाएगी।



धान खरीदी केंद्र में अपनी उपज बेचने पहुंचे किसान।

### 23 करोड़ से अधिक की ऋण वसूली

दोनों जिलों में अब तक 9443 से अधिक किसानों से 468280.4 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। इसमें खरीदी के लिए राज्य शासन द्वारा एक अरब 2 करोड़ 22 लाख 56 हजार 113.2 रुपए का भुगतान किया गया है। इस भुगतान में से 23 करोड़ 34 लाख 91 हजार 845.24 रुपए की ऋण वसूली की जा चुकी है।

### खरीदी केन्द्रों में पतले धान की आवक नहीं

12 दिसंबर की तारीख तक दोनों जिलों में अब तक 9443 से अधिक किसानों से धान की खरीदी की गई है। इनमें से सभी किसानों को ऑनलाइन भुगतान कर दिया गया है। वहीं कुछ किसानों के लिए अभी ऑनलाइन भुगतान नहीं बनाया गया है। यहां किसी भी किस से पतले धान की खरीदी नहीं की गई है। दोनों जिलों में 4 लाख क्विंटल से ज्यादा धान की खरीदी की जा चुकी है, लेकिन इस ऑकड़े में केवल मोटा धान ही शामिल है। कोरिया और एमसीबी जिले के 46 उपार्जन केन्द्र में धान बेचने के लिए पहुंचे लगभग किसानों से केवल मोटे धान की खरीदी ही की जा रही है।

### दो वर्ष का मिलेगा बकाया बोनस

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी विनय कुमार लंगेह के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कोरिया डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में शासन के मंशानुरूप धान उत्पादन प्रोत्साहन योजनांतर्गत वर्ष 2014-15 एवं 2015-16 के लंबित धान उत्पादन प्रोत्साहन राशि का वितरण 25 दिसंबर को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान की मात्रा पर 300 रूपए प्रति क्विंटल की दर से प्रोत्साहन राशि का भुगतान किया जाना है। विदित हो कि लंबित उत्पादन प्रोत्साहन राशि वितरण कार्यक्रम का आयोजन विकासखंड स्तर पर धान खरीदी केन्द्र सोनहत खुटरापारा में किया गया है। उक्त कार्यक्रम में पात्र कृषकों को धान बोनस वितरण का प्रसारण लाईव एलईडी के माध्यम से किया जाएगा। विदित हो कि उक्त दिवस भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेयी का जन्म दिवस जिला जनपद एवं ग्राम पंचायत के निर्मित अटल चौक या ग्राम पंचायतों के मुख्यालय में सुशासन दिवस मनाया जाएगा तथा स्व. अटल बिहारी बाजपेयी के छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलित, माल्यार्पण कार्यक्रम में सुशासन स्थापित करने का संकल्प लिया जाकर तथा ग्राम पंचायत क्षेत्र में स्वच्छता कार्यक्रम आगामी एक सप्ताह तक संचालित किया जाएगा। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सोनहत राकेश साहू द्वारा सभी ग्राम पंचायतों में राष्टीय सुशासन दिवस का आयोजन के लिए सरपंच, सचिव तथा सुशासन दिवस के अवसर पर धान बोनस वितरण के लिए समिति प्रबंधक सोनहत को आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दिए हैं।



ट्राफी के साथ सूरजपुर की विजेता टीम।

## ऑलआउट कर सूरजपुर की टीम ने जीता मैच

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

- मिनी स्टेडियम में संभाग स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता

जिला मुख्यालय के शासकीय आदर्श रामानुज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मिनी स्टेडियम में नगर सैनिक कोरिया के तत्वाधान में संभाग स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन शनिवार को किया गया। आयोजन में कोरिया और सूरजपुर की टीम ने हिस्सा लिया।

कोरिया के तरफ से मैच में कप्तान की भूमिका पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल एवं सूरजपुर टीम की ओर से संभागीय सेनानी अंबिकापुर राजेश पाण्डेय ने निभाई। पहले बल्लेबाजी करते हुए सूरजपुर जिले की टीम ने 148 रन बनाए, इसके बाद कोरिया की टीम सीमित रन के साथ ही 12 ओव्हर में ऑल आउट हो गई। इस तरह सूरजपुर के नगर सैनिकों ने संभाग स्तरीय मैच में बेहतरीन प्रदर्शन कर मैच में जीत दर्ज की। इस टीम से अरुण सिंह ने शानदार वैटिंग की, जिन्हें मैन ऑफ द मैच का शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। आयोजित प्रतियोगिता में कोरिया-सूरजपुर के सभी खिलाड़ियों को मैडल देकर आयोजन कर्ता द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संभागीय सेनानी राजेश पाण्डेय के अलावा लांस नायक डॉ. महेश मिश्रा, नेहरु युवा केन्द्र के जिला अधिकारी पवन गुप्ता, प्रेस काउंसिल ऑफ कोरिया के अध्यक्ष प्रवीन्द सिंह, अनूप बड़ेरिया, पंचम नामदेव, योगेश चन्द्रा, आरके पाण्डेय, प्रदीप राय, दिनेश, दीपक, विजय प्रताप, मनोज साहू समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### खबर संक्षेप

#### पैसेंजर में 1 अतिरिक्त एसी-3 कोच की सुविधा

**मनेन्द्रगढ़।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री सुविधाओं में निरंतर वृद्धि करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में रेलवे प्रशासन द्वारा वातानुकूलित श्रेणी में यात्रा करने करने वाले यात्रियों की बेहतर यात्रा सुविधा के लिए गाड़ी संख्या 18257/18258 बिलासपुर-चिरमिरी-बिलासपुर एक्सप्रेस तथा गाड़ी संख्या 08269/08270 चिरमिरी-चंदिया रोड-चिरमिरी पैसेंजर स्पेशल में 1 एसी-3 कोच की सुविधा स्थायी रूप से उपलब्ध कराई जा रही है। यह सुविधा गाड़ी संख्या 18257 बिलासपुर-चिरमिरी एक्सप्रेस में बिलासपुर से 5 जनवरी 2024 से तथा गाड़ी संख्या 18258 चिरमिरी-बिलासपुर एक्सप्रेस में चिरमिरी से 6 जनवरी 2024 से उपलब्ध रहेंगे, इसी प्रकार गाड़ी संख्या 08269/08270 चिरमिरी-चंदिया रोड-चिरमिरी पैसेंजर स्पेशल में 6 जनवरी 2024 से उपलब्ध रहेगी। इस सुविधा की उपलब्धता से इन गाड़ियों में वातानुकूलित श्रेणी में यात्रा करने करने वाले अधिकाधिक यात्री लाभान्वित होंगे।

#### पीएम विश्वकर्मा योजना के संयोजक बने प्रजापति

**चरचा कॉलरी।** भारतीय जनता पार्टी ने पीएम विश्वकर्मा योजना छग के सरगुजा संभाग में प्रदेश सह-संयोजक के लिए ग्राम पंचायत खरवत जमनीपारा निवासी कृष्णा प्रजापति को नियुक्त किया गया है।



पीएम विश्वकर्मा योजना प्रदेश में लागू करने के लिए भाजपा की कार्यनीति पर इस योजना को लाभार्थियों तक आर्थिक एवं व्यावसायिक लाभ पहुंचाने की दिशा में प्रदेश संयोजक व्ही.विश्वनाथन आचारी ने संपूर्ण कार्य योजना को तैयार करके सूचित करने के निर्देशित किया है। इसमें केन्द्र सरकार और राज्य सरकारें लोगों के जीवन में सुधार लाने के लिए कई तरह की योजनाएं चला रही है। वर्तमान समय में केन्द्र सरकार की तरफ से हर वर्ग के लिए अलग-अलग योजनाएं चलाई जा रही हैं। यह योजनाएं लाभकारी और कल्याणकारी हैं। किसानों से लेकर महिलाओं तक के लिए योजनाएं चल रही हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने जन्मदिन के मौके पर 17 सितंबर को पीएम विश्वकर्मा योजना की शुरूआत की थी। अगर कोई अपना व्यापार शुरू करना चाहे तो उसे सरकार की इस योजना के तहत 3 लाख रूपए तक का लोन मिल सकता है। इस योजना के तहत बिना किसी गारंटी के लोन मिलेगा।

#### स्तरविहीन खाद्य सामग्री की सप्लाई, शिकायत

**अम्बिकापुर।** केन्द्रीय जेल में स्तर विहीन एवं घटिया खाद्य सामग्री व सब्जी की सप्लाई किए जाने की शिकायत को लेकर युवा मोर्चा नगर उपाध्यक्ष ने कलेक्टर से शिकायत की। साथ ही जांच कर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। नगर उपाध्यक्ष युवा मोर्चा अश्वनी जायसवाल ने कलेक्टर को शिकायत कर बताया कि केंद्रीय कारागार में निरुद्ध सजायाफ्ता एवं विचाराधीन कैदियों के भोजन हेतु खाद्य सामग्री दाल, नमक, तेल, शक्कर एवं गुड़ एवं सब्जी सप्लाई करने की निविदा जिन व्यक्तियों द्वारा ली गई है उनके द्वारा स्तर विहीन एवं घटिया खाद्य सामग्री व सब्जी सप्लाई किया जा रहा है।

## थाने के सामने से निकलता है चोरी का कोयला

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

- कार्रवाई के अभाव में चोरों के हौसले बुलंद

एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र अंतर्गत अवैध कोयला चोरी व तस्करी का काम खुलेआम जोर-शोर से चल रहा है। दिन हो या रात दर्जनों कोयला चोर अपने काम में बेहिचक लगे हुए हैं। कोयला चोर बेधड़क चरचा थाने के बगल से निकलते हैं, उन्हें किसी प्रकार के कोई कार्रवाई या भय का डर नहीं है।

जानकारी के अनुसार रोजाना शाम 5 बजे के पश्चात देर रात्रि तक एवं सुबह 4:30 से 7 बजे तक थाने के सामने नेशनल हाईवे में कोयला चोर साइकिल, मोटरसाइकिल एवं पिकअप में बोरियों में कोयला लाद कर तेजी से ले जाते हुए नजर आते हैं। एक बोरे में औसतन 80-90 किलो कोयला रहता है, कोयला चोर प्रतिदिन सुबह 5 बजे के लगभग चरचा छठघाट डी प्वाइंट की ओर से चरचा थाने के आगे हाईवे पर जाते नजर आते हैं। साथ ही बड़े-बड़े लोहा कबाड़ चोरों के द्वारा बैकुंठपुर रोड रेलवे स्टेशन से जबलपुर एक्सप्रेस में भेजा जा रहा है। शुक्रवार की सुबह बैकुंठपुर रोड रेलवे स्टेशन में करीब डेढ़ पिकप के लगभग हजारों रुपए के नया पुराना रोला साफ्ट एवं अन्य कई कबाड़ जबलपुर ट्रेन से ले जाने की फिराक से चोरों द्वारा छुपा कर रखा था। इसकी जानकारी मिलने पर एसईसीएल के उच्चाधिकारियों एवं कर्मचारियों को सूचित किया, जिससे कि लोहा चोरों द्वारा ले जाने में असफल रहे। चरचा थाना हो या एसईसीएल के सुरक्षा कर्मी दोनों ही कोयला एवं लोहा चोरों के खिलाफ किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। पुलिस विभाग या एसईसीएल के उच्चाधिकारी कोयला-लोहा चोरी पर नियंत्रण की बात करते हैं। चरचा थाना क्षेत्र अंतर्गत चरचा कॉलरी की कोयला खदान के अतिरिक्त और कोई ऐसा संस्थान नहीं है, जहां कोयला का उत्पादन होता हो चरचा थाने के ठीक पीछे कुछ दूरी पर चरचा कॉलरी की बेल्ट लाइन है, जहां शाम से देर रात तक कोयला चोर चलती बेल्ट से कोयला निकालते हैं। इन स्थानों पर कॉलरी के विभागीय सुरक्षा प्रहरी भी लगे रहते हैं, किंतु वह भी मूकदर्शक बने रहते हैं। कॉलरी के मेहनतकश मजदूर रात-दिन अपना खून पसीना एक कर देश हित में कोयला का उत्पादन में लगे रहते हैं, किंतु इसके ठीक विपरीत कतिपय लोगों के लालच व लापरवाही की वजह से यह कीमती कोयला चोरों के हाथ लग जाता है।



स्टेशन पर छिपाकर रखा गया कोयला।

### पूर्व में भी हो चुकी है घटनाएं

क्षेत्र में पूर्व में भी कई बार कोयला चोरी की बड़ी घटनाएं हो चुकी है। कोयला चोरों के द्वारा कॉलरी के अधिकारियों के ऊपर भी पथराव कर उन्हें घायल किया गया था। चोरी केस मामले की बात बढ़ती देखकर चरचा थाने के द्वारा धड़ाधड़ कई लोगों को गिरफ्तार किया गया था। इस मामले के पश्चात कुछ दिनों तक कोयला चोरी में नियंत्रण देखा गया, परंतु वर्तमान में कोयला चोरी निर्वाध रूप से जारी है।

### कार्रवाई जारी है

कोयला व लोहा चोरी पर कार्रवाई जारी है। कोयला-लोहा चोरी रोकने के लिए चरचा कॉलरी के उच्चाधिकारियों को अवगत कराया गया है।

-अनिल किंडो
थाना प्रभारी चरचा

### राष्ट्रीय सुशासन दिवस कल

**सूरजपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में राष्ट्रीय सुशासन दिवस 25 दिसंबर को राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। जिसमें सीएम द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से विकासखंड स्तर पर आयोजित कार्यक्रमों में हितग्राही कृषकों से संवाद किया जायेगा। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग से दिशा-निर्देश दिये जाएंगे। कार्यक्रम के लिये धान बोनस राशि के प्रमाण पत्र अनुमोदित कर दिए गए हैं। जिसका मुद्रण कराकर वितरण किया जाएगा। विपणन संघ द्वारा हितग्राही कृषकों की सूची संबंधित कलेक्टर को उपलब्ध कराई जाएगी।

## अंसारी को दिल्ली में मिला अंतरराष्ट्रीय सम्मान

**डोमनहिल।** चिरमिरी निवासी 19 वर्षीय जिशान अंसारी ने एम्स दिल्ली में आयोजित 8 वें अंतरराष्ट्रीय स्टेम सेल्स और कैंसर कांफ्रेंस 2023 में सर्वश्रेष्ठ रिसर्च पोस्टर प्रस्तुति पुरस्कार जीतकर अपने शहर का नाम रौशन किया है। उनके द्वारा कैंसर पर किए गए शोध कार्य के लिए उन्हें इस महत्वपूर्ण पुरस्कार से सम्मानित किया है।

जिशान ने कक्षा 12 वीं तक की पढ़ाई डीएवी पब्लिक स्कूल चिरमिरी से पूरी की। जिशान ने सीबीएसई कक्षा दसवीं में शानदार प्रदर्शन कर 98 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। चुनौतियों के बावजूद उन्होंने अपनी उत्कृष्ट प्रदर्शनी जारी रखी। कक्षा बारहवीं की बोर्ड परीक्षा में 97.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इस उत्कृष्ट ट्रैक रिकॉर्ड ने उन्हें वर्तमान में गुरु घासीदास विश्वविद्यालय बिलासपुर में बायोटेक्नोलॉजी औनर्स की डिग्री की पढ़ाई के लिए द्वार खोली। जिशान के पिता वर्तमान में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोमनहिल में प्रभारी प्राचार्य के पद पर कार्यरत हैं।

जिशान की सफलता अवश्य ही यह बताती है कि छोटे शहरों के लोग भी वैश्विक मंच पर अपनी महत्वपूर्ण योगदानों की संभावना रखते हैं। अपने भविष्य के लक्ष्यों के बारे में सवाल किए जाने पर जिशान ने शोध में अपनी करियर बनाने की कड़ी मेहनत की इच्छा जताई है। बायोटेक्नोलॉजी में पूर्वानुमानित योगदान के लिए उनका दृढ़ निर्णय है।



दिल्ली में सम्मानित होते जिशान।

## विद्युत सब स्टेशन में दिनभर चला मरम्मत कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शनिवार को शहर क्षेत्र सहित शहर से लगे ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत विभाग के द्वारा मरम्मत कार्य के चलते घंटों विद्युत आपूर्ति ठप्प रही, जिससे कि लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा, इसकी सूचना विभाग के द्वारा एक दिन पूर्व दी गई थी।

जानकारी के अनुसार विद्युत विभाग के द्वारा शनिवार को सुबह 9 से दोपहर 1 बजे तक मरम्मत कार्य संपादित किए जाने के कारण विद्युत कटौती किए जाने की सूचना दी गई थी। इस दिन विभाग के द्वारा बैकुंठपुर सब स्टेशन में वीसीबी चेंज एवं उप केन्द्रों में आवश्यक सुधार कार्य किया गया, इसके चलते शनिवार को शहर सहित शहर से लगे ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रही। जानकारी के अनुसार विद्युत कटौती से बैकुंठपुर सब स्टेशन से निकलने वाले समस्त 11 केव्ही फीडर के प्रभावित क्षेत्र बैकुंठपुर, महलपारा, गढ़ेलपारा, छिन्दड़ॉड, परियोजना कालोनी, रामपुर, हर्रापारा, भट्टीपारा, कंचनपुर, पतरापाली, मंडलपारा में विद्युत आपूर्ति बाधित रही। विद्युत विभाग के द्वारा शनिवार को सुबह 9 से दोपहर 1 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रखा था। इस अवधि में मरम्मत कार्य किया गया, लेकिन निर्धारित अवधि के बाद भी प्रभावित क्षेत्रों में घंटों विद्युत आपूर्ति बाधित रही।

जानकारी के अनुसार अपरान्ह 5 बजे विद्युत आपूर्ति बहाल हो पाई। शनिवार को सुबह से शाम 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहने के कारण उपभोक्ताओं को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ा, वहीं शहर क्षेत्र के हर्रापारा में विद्युत आपूर्ति ठप्प रहने के कारण पेयजल सप्लाई भी बाधित रही।



### क्रिसमस की तैयारियों में डूबा मसीही समाज
# प्रभु यीशु आज मध्यरात्रि लेंगे जन्म, चर्च में जुटेंगे मसीहीजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

मसीही समाज के लोग क्रिसमस की तैयारियां एक माह पूर्व से शुरू कर दिए थे, इस बीच प्रभु यीशु के जन्म का संदेश देने के लिए गड़ेरिया दल घर घर समाज के लोगों के घर पर दस्तक देते रहे, साथ ही कैरोल सिंगिंग करते हुए क्रिसमस आने का संदेश देते रहे। कई दिनों के इंतजार के बाद अब क्रिसमस का पर्व आज गिरजाघरों में उल्लास के साथ मनाया जाएगा।

जानकारी के अनुसार आज आरसी चर्च रामपुर में 24 दिसंबर को क्रिसमस का पर्व मनाने के लिए समाज के लोग बड़ी संख्या में रात्रि में जुटेंगे। जहां मध्य रात्रि जैसे ही प्रभु यीशु के जन्म की घड़ी पहुंचेगी, वैसे ही गिरजाघर का घंटा बजना शुरू हो जाएगा और उपस्थित समाज के लोगों के बीच प्रभु के जन्म की खुशियां बिखर जाएगी, इसके साथ ही गिरजाघर में विशेष आराधना भी शुरू हो जाएगी। फादर के द्वारा बाईबिल के पाठ पढ़ा जाएगा, इसके साथ ही मध्य रात्रि से उल्लास से भरे समाज के लोगों के द्वारा सामुहिक रूप से नृत्य करते हुए प्रभु यीशु आगमन की खुशियां मनाई जाएगी। देर रात्रि तक गिरजाघर परिसर में उल्लास का माहौल बना रहता है, इसके बाद दूसरे दिन 25 दिसंबर को पुनः गिरजाघर में समाज के लोग जुटते हैं और सुबह फिर आराधना की जाती है, इसके बाद घंटों गीत संगीत के बीच नृत्य करते हैं।

वहीं शहर में स्थित ईएलसी चर्च मिशन कॉलोनी में 25 दिसंबर को समाज के लोग जुटेंगे, जहां पर क्रिसमस की विशेष आराधना की जाएगी और उल्लास के बीच में समाज के लोग सामुहिक नृत्य करते हुए खुशियां मनाई जाएगी, इसके अलावा जिलेभर में क्रिसमस का पर्व उमंग उल्लास के साथ मनाया जाएगा। कैथोलिक चर्च के अनुयायी 24 दिसंबर को तथा प्रोस्टेंट के अनुयायी 25 दिसंबर को क्रिसमस का पर्व मनाया जाएगा।



क्रिसमस के लिए सजा चर्च।

### आकर्षक ढंग से सजे गिरजाघर

क्रिसमस पर्व को लेकर उत्साह कई दिनों पूर्व से बना रहता है। आज व कल गिराजाघरों में उल्लास का माहौल देखने को मिलेगा। क्रिसमस को लेकर शहर सहित जिलेभर के गिरजाघरों को आकर्षक तरीके से सजाया गया है, जहां आज व कल दोनों दिन उल्लास के साथ क्रिसमस का पर्व मनाया जाएगा।

### दावतों का चलेगा दौर

क्रिसमस के अवसर पर आज व कल समाज के लोगों के घरों में विशेष रूप से कई तरह के पकवान बनाए जाते हैं, इसके चलते मसीही समाज के लोगों के घरों में अनेक तरह के व्यंजनों की खुशबू आस-पड़ोस में बिखरती रहती है। इस दिन समाज के लोग एक-दूसरे को दावत पर भी अपने घर पर बुलाते हैं। दिनभर दावतों का दौर चलता रहता है और एक-दूसरे को क्रिसमस की बधाई देते हैं।

## गणित दिवस पर बाल मेले का आयोजन



**कोरिया कॉलरी।** महान भारतीय गणित परंपरा के वर्तमान सदी के सुविख्यात गणितज्ञ निवास रामानुजन जिन्होंने अपने अल्प जीवन काल में गणितीय क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि प्राप्त की जन्म जयंती राष्ट्रीय गणित दिवस के उपलक्ष्य में विद्या भारती के निर्देशन में संचालित स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में बाल मेला का आयोजन किया गया।

गणितियों प्रतीकों सिद्धांतों के दैनिक जीवन में उपयोग एवं महत्व को रेखांकित करते हुए इस आयोजन का शुभारंभ विद्यालय व्यवस्था समिति के अध्यक्ष अमित सिन्हा, पार्षद तेज नारायण सिंह एवं भाजपा महिला मोर्चा महामंत्री श्रीमती कमला गढ़देवा के द्वारा श्रीनिवासन रामानुजन एवं मां सरस्वती के छायाचित्र के समीप दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया गया। इस आयोजन में बड़ी संख्या में उपस्थित नगर वासियों ने विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा लगाए स्टालों पर गणितीय, आकृतियों से प्रेरित व्यंजनों का आनंद लिया। भारतीय वैदिक परंपरा के गणितज्ञों के नामकरण वाले इंस्टॉल सभी में उत्सुकता एवं चर्चा का विषय बना रहा। आयोजन के सफलता के लिए विद्यालय के प्राचार्य प्रकाश चंद्र साहू के निर्देशन में अनिल सिंह, आशीष दाना, अरुण कुमार, सरवन कुमार, गोविंद प्रसाद, सुनीता महंत, किरण, सुभी, सुमन, लीलावती, प्रीति एवं रंजीता ने सक्रिय भूमिका निभाई।

23- Dec Coriya Bhoomi pg 2_Layout 1 12/23/2023 8:26 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### राज्य वीरता पुरस्कार के लिए आवेदन 29 तक

**जांजगीर-चांपा।** शासन द्वारा प्रदेश के बच्चों को किसी घटना विशेष में उनके द्वारा प्रदर्शित अदम्य साहस के लिए राज्य वीरता पुरस्कार प्रदान किया जाना है। इसके तहत 5 बालक, बालिकाओं को 25 हजार रुपये की राशि तथा प्रशस्ति पत्र सम्मान के रूप में प्रदान किया जाएगा। ऐसे वीर बालक-बालिकाएं जिन्होंने अपनी जान की परवाह किये बिना 1 जनवरी से दिसम्बर के मध्य अद्भुत वीरता का कार्य किया हो। किसी दूसरे की जान बचाने का पराक्रम किया हो, को सम्मानित किया जाता है। राज्य वीरता पुरस्कार के लिए आवेदन जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग में कार्यालयीन समय पर 29 दिसंबर तक अनिवार्य रूप से आवेदन प्रेषित कर सकते है। आवेदन निर्धारित समयावधि में जमा नहीं किए जाएंगे वे आवेदन अस्वीकृत किये जा सकेंगें।

### उद्यानिकी फसलों के बीमा 31 तक करा सकेंगे किसान

**जांजगीर-चांपा।** उद्यानिकी खेती करने वाले जांजगीर चांपा जिले के किसान अपने फसल का बीमा 31 दिसंबर तक करा सकते है। टमाटर, बैंगन, फूलगोभी, पत्तागोभी, प्याज एवं आलू फसल हेतु पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना लागू की गई है। इस योजना में ऋणी कृषक तथा अऋणी कृषक लाभ ले सकते हैं। कृषकों को बीमा कराने हेतु फसलों के अनुसार निर्धारित ऋणमान का 5 प्रतिशत प्रीमियम कृषक अंश राशि के रूप में जमा करना होगा। रबी मौसम के दौरान किसी भी प्रकार के अधिक वर्षा, ओलावृष्टि, अधिक तापमान, सूखा, बिमारी अनुकूल मौसम की नौबत आती है तो फसल बीमा के अनुसार किसानों को मुआवजा दिया जाता है। रबी मौसम के लिये बीमा की अंतिम तिथि 31 नवम्बर निर्धारित की गई है।

### चोरी का टुल्लू पंप चोरी करने वाले 2 गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** चोरी का टुल्लू पंप के साथ चोरी करने वाले 2 आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला बिर्रा थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 21-22 दिसंबर की दरम्यानी रात करीबन 3.30 बजे में बिसाहू लाल के कुआ बाड़ी से दो चोर टुल्लू पंप की चोरी हो गई। बिर्रा पुलिस द्वारा मौके पर पहुंच कर आरोपियों को घेराबंदी कर पकड़ा तथा प्रार्थी दीनदयाल उम्र 40 साल निवासी करनौद थाना बिर्रा के रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध थाना बिर्रा में धारा 379, 34 भादवि कायम कर विविचेना में लिया गया। विवेचना दौरान आरोपी अमन यादव यादव साकिन नकटीडीह एवम बसंत खुंटे ग्राम नकटीडीह का मेमोरंडम कथन लिया गया जिसके कब्जे से चोरी का 2 नग टुल्लू मोटर पंप व मोटर सायकल बरामद किया जाकर आरोपियों को गिरफ्तार कर 22 दिसंबर को गिरफ्तार किया गया।

### सपने को साकार करने लक्ष्य निर्धारण जरूरी

**नवागढ़।** पंडित जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय में 19 दिसंबर को एक दिवसीय कैरियर मार्गदर्शन का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेश शर्मा, मुख्य वक्ता श्री राज टेन आन टेन कोचिंग, उपप्राचार्य सुश्री सिंपल रजक, पं. जे. एल. एन. महाविद्यालय के संचालक विनोद कुमार बंसल ने मां सरस्वती के तैल चित्र में पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। साथ ही अथितियों का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया। कैरियर गाइडेंस की प्रमुख मार्गदर्शक श्री राज ने बताया कि हमे सबसे पहले अपने आप में एक लक्ष्य तैयार करना जरूरी है तभी हम अपने सपने को साकार कर सकते है। साथ ही हमे अपनी मंजिल जब तक न मिल जाए तत्पर संघर्ष करते रहना चाहिए। अंत में श्री राज ने कहा अपनी मेहनत से अपने लक्ष्य को पाकर अपने मां-बाप ,समाज एवं देश का नाम रोशन करें। आभार व्यक्त करते हुए तेरस दिनकर सहा.प्राध्यापक वनस्पति शास्त्र ने कहा कि श्री राज द्वारा दिए गए मार्गदर्शन को सभी छात्र-छात्राएं अमल कर अपनी लक्ष्य पर कामयाब होंगे।

## सोगड़ा आश्रम के बाबा संभवराम ने किया भूमिपूजन

# भैरव पहाड़ में 5 किलोमीटर के दायरे में होगी इको लैब की स्थापना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले में इको टूरिज्म को बढ़ावा देने और पर्यावरण को संरक्षण देने के लिए भैरव पहाड़ के 5 किलोमीटर के दायरे को घेरकर आदर्श ग्राम सोगड़ा के जंगल में इको लैब स्थापित किया जायेगा। भैरव पहाड़ जंगल में फेंसिंग कार्य का सोगड़ा आश्रम के बाबा संभव राम ने भूमिपूजन किया। संभाग के पूर्व सीसीएफ केके बिसेन के मुताबिक इस क्षेत्र के प्रति जो परिकल्पना है, वह जंगल सफारी के साथ ही कई अन्य विशेषताओं को जोड़े हुए जशपुर ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश के लिए अनूठा क्षेत्र विकसित करना है। इसमें वन औषधि, वन्य प्राणियों के साथ शोध के पर्याप्त विषय एक ही स्थान पर हो सके। भैरव पहाड़ में इको लैब तो बना फिर भी योजनाएं आधी अधूरी रह गई। इसमें पहले 11 किलोमीटर के दायरे में घेराबंदी की योजना थी, जिसे घटाकर 5 किलोमीटर कर दिया गया। इको पर्यटन के रूप में इस स्थान को विशिष्ट पहचान दिलाने की यह परिकल्पना सर्वेश्वरी समूह के अध्यक्ष संत गुरुपद संभव राम के मार्गदर्शन पर संभाग के वन विभाग के पूर्व सीसीएफ के के बिसेन द्वारा किया गया।

■ औषधि, वन्य प्राणियों के साथ शोध के पर्याप्त विषय एक ही स्थान पर हो सकेगा



### धार्मिक पर्यटन के रूप में विकसित होगा भैरव पहाड़

यह लगभग एक हजार एकड़ का क्षेत्र है, जिसमें विभिन्न प्रकार के पौधे,यहां जंगली जानवरों की सफारी विकसित की जानी थी। पर्यटकों के लिए घुड़सवारी की व्यवस्था की जानी थी, वह नहीं हो सकी है। इको लैब के रूप में विकसित करने के लिए भैरव पहाड़ क्षेत्र के जंगल का चयन किया था, यह सोगड़ा सहित अन्य पंचायतों से लगा हुआ है। यह लगभग एक हजार एकड़ का क्षेत्र है, जिसमें विभिन्न प्रकार के पौधे, वनस्पतियां हैं। इको लैब में प्रवेश द्वार पर ही बेल वन देखने को मिलता है।इसके साथ ही यहां दुर्लभ वनस्पतियों को संरक्षित करने कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। भैरो गुफा के मार्ग में सप्त ऋषियों के नाम से पेड़ सजे हैं। साथ ही हर एक क्षेत्र को बहुत ही ख़ूबसूरती से व्यवस्थित की गई है। पर्यटकों के लिए वर्तमान में घोड़ों की व्यवस्था की गई है।

**इको लैब में किया जायेगा वृक्ष प्रजातियों का संरक्षण :** संभाग के पूर्व सीसीएफ के विसेन ने चर्चा में बताया कि इस क्षेत्र का प्राकृतिक व आध्यात्मिक दृष्टिकोण से भी विशेष महत्व है।लगभग पांच किलोमीटर इलाके में इस क्षेत्र को विकसित किया जा रहा है, जिसमें स्थानीय वन समितियों के द्वारा ही विशेष कार्य किया जाएगा। इको लैब को विकसित करने यहां अवैध वनों की कटाई किसी भी रूप में नहीं होगी। जशपुर के डीएफओ जितेंद्र उपाध्याय ने बताया कि मनोरा के जंगल में 5 किलोमीटर के जंगल को फेंसिंग करके सुरक्षित किया जा रहा है। पूर्व में बनी ईको लैब की योजना को अमल किया जा रहा है। इस जगह को लेकर लोगों की धार्मिक आस्था जुडी हुई है। इस चरण के बाद यहां के अन्य कार्य भी किये जायेंगे।

### पर्यटकों को वन्य प्राणी दिखाना है उद्देश्य

इको लैब में विभिन्न वन्य प्राणियों का संरक्षण किया जाना भी इसके स्थापित करने का उद्देश्य था। इस क्षेत्र में हाथी के साथ ही खरगोश, लकड़बघ्घा, कोटरी, हिरन, मोर, सियार, जंगली सूअर, जंगली कुत्ता, हिरन, भालू, विभिन्न पक्षियों बड़ी संख्या में हैं। इन वन्य प्राणियों के लिए यहां अनुकूल वातावरण निर्मित किया जा रहा है, जिससे यहां पानी, आवश्यक आहार सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सके।आश्रम से जुड़े मानस ने बताया कि कि यह मूल रूप से एक प्रयोगशाला के रूप में विकसित हो रहा है, जिसमें वनस्पतियों के साथ ही वन्य जीवों को संरक्षित करने सहित उनके व्यवहार, विकास पर बेहतर अध्ययन हो सकेगा, जो जिले में अब तक नहीं रहा है।



## खेल से बच्चों का शारीरिक एवं मानसिक विकास : साय

**फरसाबहार।** जशपुर जिले के कांसाबेल विकासखंड अंतर्गत जीसस एन्ड मैरी स्कूल तिलंगा में स्कूल स्तरीय 5वां वार्षिक खेल महोत्सव मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक आर पी साय एवं विशिष्ट अतिथि विनोद शर्मा द्वारा ध्वजारोहण एवं दीप प्रज्वलित का शुभारंभ किया गया।

मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक आर पी साय ने अपने सम्बोधन में कहा कि खेलकूद शैक्षणिक प्रणाली का एक भाग है इससे का शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है। मुझे खुशी हुई ये जानकर की इस छोटे से सुदूर आदिवासी बहुल क्षेत्र में जीसस एन्ड मेरी संस्थान बच्चों को शिक्षा प्रदान कर रही है। मैं जब सरगुजा आई जी के पद पर था अपने घर इसी रास्ते से आना जाना करता था। जब कभी बच्चे अवकाश के बाद घर जाते थे तो मैं सोचता था कि अवश्य की कोई बड़ी संस्था यंहा संचालित हैं जो बच्चों को शिक्षा प्रदान कर रही है। आज मुझे यंहा मुख्य अतिथि के रूप बुलाकर सम्मानित भी किया। यंहा का वातावरण देख कर बहुत अच्छा लगा। विशिष्ट अतिथि विनोद शर्मा ने कहा कि खेल में कोई हारता नही है वह हमेशा रनर अप रहता है। हर समय जितने के क्रम में खिलाड़ी रहता है। आज खेल का महत्व बढ़ाता ही जा रहा है। खेल के माध्यम से आप अपनी पहचान बना सकते है। जीसस एन्ड मेरी स्कूल तिलंगा में पूरे स्कूल के बच्चों को चार हाउस डीना हाउस, क्लाडिन हाउस, अल्फोंसा हाउस एवं टेरेसा हाउस में रखा गया। इन हाउस के रंग पीला, लाल, हरा एवं नीला दिया गया है जो इनको पहचान भी देता है। साल भर इन हाउस के बीच पढ़ाई, सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं खेल कूद में प्रतियोगिता चलती रहती है।

■ जीसस एन्ड मैरी स्कूल तिलंगा में मनाया गया स्कूल स्तरीय 5वां वार्षिक खेल महोत्सव

## धान बेच चुके किसानों को भी मिलेगा लाभ

**जशपुरनगर।** प्रधानमंत्री की गारंटी को राज्य में लागू किए जाने के लिए राज्य शासन द्वारा प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी का आदेश लागू हो गया है। किसानों को इसके मान से टोकन जारी करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। सोमवार तक सौ फीसदी सोसायटियों में इसका क्रियान्वयन होने लगेगा।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान विक्रय लाभ पूर्व में धान बेच चुके किसानों को भी मिलेगा। इसका आशय यह है कि एक नवम्बर से अब तक पूर्व निर्धारित मात्रा के अनुरूप धान बेच चुके किसान शेष मात्रा का धान उपार्जन केन्द्र में 31 जनवरी तक बेच सकेंगे। 21 क्विंटल धान की खरीदी 3100 रूपए प्रति क्विंटल के मान से होने पर राज्य के किसानों को बीते खरीफ विपणन वर्ष की तुलना में इस साल प्रति एकड़ धान विक्रय पर लगभग 25,500 रूपए का अतिरिक्त लाभ होगा। खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 में राज्य के किसानों से प्रति एकड़ 15 क्विंटल कॉमन धान की 2040 रूपए प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य की दर से किए जाने के साथ ही उन्हें प्रति एकड़ 9000 रूपए की इनपुट सब्सिडी दी गई, जिसे मिलाकर अधिकतम 39,600 रूपए का भुगतान होता था। इस साल 21 क्विंटल धान की खरीदी 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर से होने से किसानों को प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान बेचने पर 65,100 रूपए मिलेगा। इस प्रकार देखा जाए तो इस साल धान विक्रय पर किसानों को गत वर्ष की तुलना में 25,500 रूपए का अतिरिक्त लाभ होगा। राज्य में समर्थन मूल्य पर अब तक 10 लाख 61 हजार से अधिक किसानों से धान 48 लाख 95 हजार टन धान की खरीदी की जा चुकी है। इसके एवज में किसानों को 12 हजार 81 करोड़ रूपए का भुगतान बैंक लिंकिंग व्यवस्था के तहत किया गया है। धान खरीदी के साथ-साथ कस्टम मिलिंग के लिए निरंतर धान का उठाव जारी है। अब तक 37 लाख 55 हजार 346 टन धान के उठाव के लिए डीओ जारी किया गया है, जिसके विरूद्ध मिलर्स द्वारा 27 लाख 31 हजार 643 टन धान का उठाव किया जा चुका है।

■ प्रति एकड़ 25 हजार 500 रुपए का मिलेगा अतिरिक्त लाभ



## युवा करा रहे मायभारत पोर्टल में रजिस्ट्रेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जिले के पंचायतों में विभिन्न विभागों द्वारा शिविर लगाकर लोगों को सुविधा दी जा रही है साथ ही समस्या का निवारण किया जा रहा है। इसी के अंतर्गत नेहरू युवा केंद्र के राष्ट्रीय स्वयंसेवक सूर्यकांत चन्द्रा सभी 15-29 साल तक के युवाओं का माय भारत में रजिस्ट्रेशन करा रहे है। और अब तक 500से अधिक युवाओं का रजिस्ट्रेशन करा चुके है।

अब तक सूर्यकांत चन्द्रा ने आरा, इचकेला, बलाछापर, गम्हरिया, गिरांग, पंचायत सहित शहर में चम्पा देवी कॉलेज, लाइवलीहुड कॉलेज, आईटीआई कॉलेज, नवसंकलप कॉलेज सहित तमाम शिक्षण संस्थानों में जहां युवाओं की उपस्थिति होती है, स्वयं पहुंचकर सभी का मोबाइल के माध्यम से रजिस्ट्रेशन करा रहे है।

सूर्यकांत चन्द्रा नेहरू युवा केंद्र के राष्ट्रीय स्वयंसेवक के तौर पर हमेशा सरकार की योजनाओं को युवाओं को पहुंचाने के सशक्त भूमिका रहे है। जशपुर में युवा उन्हे अपने आदर्श और प्रेरणास्त्रोत मानते है। मायभारत योजना के बारे बताते हुए उन्होंने कहा कि प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 31 अक्टूबर 2023 को कर्तव्य पथ, नई दिल्ली में देश के युवाओं के लिए 'मेरा युवा भारत (MY भारत)' मंच लॉन्च किया , जिसे युवा विकास और युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण, प्रौद्योगिकी-संचालित सुविधाकर्ता के रूप में देखा गया है। - नेतृत्व वाला विकास, युवाओं को उनकी आकांक्षाओं को साकार करने और ₹विकसित भारत₹ (विकसित भारत) के निर्माण में योगदान देने के लिए समान अवसर प्रदान करने के व्यापक लक्ष्य के साथ। यह 'फिजिटल प्लेटफॉर्म' (भौतिक + डिजिटल) है जिसमें शारीरिक गतिविधि के साथ-साथ डिजिटल रूप से जुड़ने का अवसर भी शामिल है। देश भर के युवा माय भारत पोर्टल ( https://www.my भारत .gov.in/) पर पंजीकरण कर सकते हैं और पोर्टल पर उपलब्ध विभिन्न अवसरों और घटनाओं के लिए साइनअप कर सकते हैं। 18.12.2023 तक पोर्टल पर युवाओं का पंजीकरण 26 लाख से अधिक हो गया है। मंच का प्रचार फेसबुक, एक्स (ट्विटर), यूट्यूब, कू, इंस्टाग्राम जैसे विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्मों और युवा मामलों के विभाग के तहत क्षेत्रीय पदाधिकारियों के माध्यम से किया गया है। कार्यक्रम में सूर्यकांत चन्द्रा ने जिला युवा अधिकारी सुश्री सुमेधा पवार के मार्गदर्शन में जिला स्तर पर नेहरू युवा केन्द्र को सभी तक पहुंचाया है। जिले के हर कार्यक्रम में नेहरू युवा केंद्र की सहभागिता अवश्य रहती है। भारत के वीर शहीदों और सेनाओं के सम्मान में चलाए जा रहे कार्यक्रम मेरी माटी मेरा देश के माध्यम से दिल्ली के कार्यत्व पथ तक जशपुर जिले का मिट्टी पहुंचाने का सौभाग्य भी नेहरू युवा केंद्र के इन्ही युवाओं सूर्यकांत चन्द्रा और संजीव भगत को मिला था।




## छत्तीसगढ़ उत्तर क्षेत्रीय अंतर महाविद्यालयीन खेल स्पर्धा

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ उत्तर क्षेत्रीय अंतर महाविद्यालयीन खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, कुनकुरी में बुधवार को किया गया।

प्रतियोगिता के प्रथम दिवस में बालक-बालिका वॉली बाल, खो-खो, बैडमिंटन मैच एवं इसी क्रम में द्वितीय दिवस कबड्डी, गोला फेंक, तवा फेंक, 100, 200 एवं 1500 मीटर दौड़ हुआ। तृतीय दिवस में सर्वप्रथम प्रातः रिले दौड़ एवं अन्य दौड़ प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई। इसी कड़ी में शुक्रवार को सफलतापूर्वक समापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. रविंद्र तिग्गा के द्वारा की गई । अपने उद्बोधन में तीन दिवसीय अंतर महाविद्यालयीन खेलकूद प्रतियोगिता के बारे में जानकारी दी।

कार्यक्रम में विभिन्न संस्थाओं के प्रमुख डॉ. ए. के. सिन्हा अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय कुनकुरी, विनायक साय प्राचार्य बालासाहेब देशपांडे महाविद्यालय कुनकुरी, युधिष्ठिर केवर्ट प्राचार्य संकल्प स्कूल कुनकुरी एवं सुधीर सिन्हा व्याख्याता आत्मानंद विद्यालय कुनकुरी अतिथि स्वरूप मंचासीन रहे। अतिथियों द्वारा विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिता में विजयी हुए बालक-बालिकाओं एवं टीमों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया।

## वार्षिक क्रीड़ा समारोह के साथ क्रिसमस गैदरिंग

**जशपुरनगर।** वार्षिक क्रीड़ा सह क्रिसमस उत्सव, सेंट पौल इंग्लिश मीडियम स्कूल बघिमा के प्राँगण में सम्पन्न किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धर्मप्रान्त के बिशप एम्मानुएल केरकट्टा डी डी थे, विशिष्ट अतिथयों में भूतपूर्व विधायक विनय भगत व श्री स्वधाप्रिया चौधरी थे। समारोह में स्कूल के प्राचार्य फादर नीलम टोप्पो, स्कूल प्रबंधक फादर अलोक लकड़ा, स्टाफ, विद्यार्थी, अभिभावक एवं अतिथियों ने भाग लिया।

मुख्य अतिथि बिशप ने अपने संदेश में कहा मेरा एक सपना था कि इस क्षेत्र के लोग अंग्रेजी व हिंदी भाषा अच्छी तरह से बोल सकें और समाज में अपना उत्कृष्ट सेवा दे सकें। इस स्कूल के माध्यम से ये सपना पूरा होते नजर आ रहा है। आगे उन्होंने कहा बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु स्कूल प्रबंधन, समिति एवं अभिभावकों को पूर्ण सहयोग देना चाहिये। उत्सव के विशिष्ट अतिथि विनय भगत ने कहा हार को हार नहीं मानना चाहिये। प्रतिभागी विद्यार्थिओं के हौसला को प्रोत्साहित करते हुए आगे उन्होंने कहा जीवन में हार और जीत होती रहती है। हार से कभी हतास नहीं होना चाहिये। प्रयास करने वालों की कभी हार नहीं होती। स्वयं का उदाहरण देते हुए कहा पिछले चुनाव में मैं हार गया लेकिन हौंसला हारा नहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ सिस्टर सुप्रिया हसापूर्ती के स्वागत संबोधन से हुआ। मुख्य अतिथि व अन्य अतिथियों का पुष्पगुच्छ देकर तथा बैज पहनाकर स्वागत किया गया। इसके पश्चात अतिथियों एवं प्रतिनिधियों ने दीप प्रज्वलन किया।



## जीवन ज्योति स्कूल में विधवा अनाथ व बुजुर्ग सम्मानित

**जामझोर- कोतबा।** विधवा बुजुर्ग एवं अनाथों के सम्मान में जीवन ज्योति स्कूल कोकियाखार में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। यह कार्य पिछले नौ वर्षों से किया जा रहा है। समारोह में शाला के विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई।

समारोह की शुरुआत प्रभु वंदना के साथ हुई,इसके बाद नन्हें मुन्ने बच्चों के द्वारा पारंपरिक वेशभूषा में छत्तीसगढ़ी लोकनृत्य, पंथी नृत्य,डांडिया नृत्य,सुआ नृत्य, एकांकी सहित अन्य विधाओं पर जोरदार प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में बच्चों को पुरस्कार वितरण किया गया एवं अनुशासित व होनहार विद्यार्थियों को मेडल प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। साथ ही जीवन ज्योति स्कूल की ओर से विधवा , अनाथ एवं बुजुर्गों के लिए गर्म कपड़ों का और बुजुर्ग विधवा माताओं के लिए साड़ी का वितरण किया गया। जीवन ज्योति स्कूल द्वारा पंद्रह अनाथ एवं गरीब बच्चों को निःशुल्क पढ़ाने व भोजन आवास का पुण्य कार्य कर किया जा रहा है। सेवा भाव नम्रता और जीवन की सरलता असली डिग्री है।अगर शिक्षा प्राप्ति के बाद यह सब नहीं मिला, हमारी आत्मा जागृत नहीं हुई तो कागज की डिग्री बेकार है। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि निरंजन साय,डी. डी. सी. रत्ना पैंकरा,बी. डी. सी. मुरली यादव,अशोक पैंकरा,शाला समिति के अध्यक्ष जनक प्रसाद पैंकरा,एस.कुजूर,प्रधान पाठक बालकृष्ण देशवारी, प्रधान पाठक अलसीना कुजूर,उ.श्रेणी शि.जसिन्ता पन्ना, करूणा एवं सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### नगर के विभिन्न मार्गो से निकाली गई भव्य कलश यात्रा

# धर्मनगरीय कोतबा में अक्षत कलश यात्रा का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा

अयोध्या में बनने वाले श्री राम मंदिर के उद्घाटन को लेकर पूरे देश में उत्साह नजर आ रहा है. छत्तीसगढ़ के कोतबा नगर में उद्घाटन को लेकर रामभक्तों में काफी हर्ष व्याप्त है। धर्मनगरी कोतबा में अक्षत कलश यात्रा निकली गई, यह यात्रा संत समाज गहिरागुरु आश्रम से प्रारंभ हुई, जो नगर के प्रमुख मार्ग से होते हुए खालपारा लक्ष्मी पण्डाल से वापस राम मंदिर से तिलगोड़ा, झिंगरेलपारा, कारगिल चौक से मुख्य मार्ग पर बस स्टैण्ड होते हुए परशुराम चौक से संत समाज आश्रम पहुंची इस यात्रा में बजरंगदल विश्वहिंदू परिषद दुर्गा वाहिनी जे सदस्य पदाधिकारी गण सामिल थे। कलशयात्रा की अगवानी संत समाज के भक्तगण रामायण की चौपाई गाते हुए पारंपरिक वाद्ययंत्रों के साथ गुणगान करते हुए चल रहे थे। भक्तगण जय श्री राम के (उद्घोष) के नारे लगाते हुए निकले,यह कलश यात्रा कार्यक्रम स्थल पर पहुँची यहाँ महाआरती कर प्रसादी वितरित की गई।विदित हो कि आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला के भव्य मंदिर का शुभारंभ होना है. जिसको लेकर सभी सनातनी में हर्ष का माहौल है. श्रद्धालु लोग राम लला के मंदिर को लेकर काफी उत्सुक भी नजर आ रहे हैं. वहीं अयोध्या में रामलला के भव्य मंदिर का शुभारंभ होने से पहले धर्मनगरी कोतबा में अयोध्या से पूजित अक्षत कलश लाया गया है।यहाँ सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन कर शुक्रवार को अयोध्या से आए कलश की भव्य कलश यात्रा पूरे नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में राम भक्त मौजूद रहे.



### यात्रा में महिलाओं की संख्या अच्छी रही

यह यात्रा शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए बड़ी धूमाधाम से निकाली गई. इस यात्रा में बड़ी संख्या में लोग गाजे बाजे के साथ शामिल हुए. अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा को लेकर हिंदू समाज लगातार कई कार्यक्रम कर रहा है. धर्मनगरी कोतबा के परशुराम चौक स्थित संत समाज आश्रम से आज पूजित अक्षत कलश यात्रा शहर के विभिन्न मार्गों से निकाली गई. इस यात्रा में दुर्गा वाहिनी की बहनों सहित नगर की महिलाओं की संख्या भी अच्छी खासी रही.

### 22 जनवरी को होगा राम मंदिर का उद्घाटन

22 जनवरी को राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दिन राम भक्त अपने क्षेत्र के मंदिरों में एकत्रित होकर भजन कीर्तन करेंगे. शुक्रवार को निकाली गई अक्षत कलश यात्रा कोतबा के विभिन्न मार्गों से होते हुए धूमधाम के साथ निकाली गई. इस यात्रा के दौरान राम भक्त काफी उत्साहित दिखाई दिए. विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के पदाधिकारियों ने बताया कि अयोध्या में भगवान श्री रामचंद्र जी की भव्य और दिव्या मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी की जाएगी, राम भक्त गली गली में इस कार्यक्रम को उत्साह से मनाने के लिए अपनी तैयारी रहे हैं.

### सीसीआरटी प्रशिक्षण के लिए मुकेश कुमार का चयन

**जशपुरनगर ।** नई शिक्षा नीति 2020 अस्तित्व में आने के पश्चात जिले में शिक्षा के क्षेत्र में अब नए सुधार हो रहे हैं राज्य परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा, छत्तीसगढ़ रायपुर के आदेश क्र. / 4837 / SS. Pedagogy CCRT/ 2023 रायपुर, दिनांक 29.11.2023 के अनुसार भारत सरकार संस्कृति मंत्रालय के अंतर्गत सांस्कृति स्त्रोत एवं प्रशिक्षण केन्द्र नई दिल्ली द्वारा जून 2023 से जनवरी 2024 तक विभिन्न विषयों / कोर्स का प्रशिक्षण कार्यशाला( ओरिएंटेशन प्रशिक्षण) आयोजित है। इसमें जशपुर जिले से मुकेश कुमार सहायक शिक्षक विज्ञान, शासकीय प्राथमिक शाला दासडूमरटोली,विकासखंड जशपुर का चयन बड़गांव, उदयपुर, राजस्थान में प्रशिक्षण/कार्यशाला हेतु चयनित किया गया है। यह प्रशिक्षण 3 जनवरी से 12 जनवरी तक आयोजित है। यह मुकेश कुमार 30 दिसंबर को जशपुर से राजस्थान के लिए रवाना होंगे।



# सालार ने तोड़े ऑलटाइम रिकॉर्ड, कमाए 116 करोड़!

**मुंबई।** 'सालारः पार्ट 1-सीजफायर' बॉक्स ऑफिस पर मोटी कमाई कर सकती है। रिपोर्ट के मुताबिक ओपनिंग डे पर सालार, 100 करोड़ से अधिक घरेलू बॉक्स ऑफिस पर कमाई कर सकती है। सालार ने रिलीज के साथ ही ओपनिंग डे में इतिहास रच दिया है। ऑरमैक्स मीडिया की एक रिपोर्ट के मुताबिक 'सालारः पार्ट 1-सीजफायर' पहले ही दिन घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ क्लब में शामिल हो जाएगी। अनुमानित कलेक्शन के मुताबिक 'सालार' पहले दिन घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 116.8 करोड़ रुपये का ग्रॉस कलेक्शन कर सकती है। जिस में से करीब 71.2 करोड़ ग्रॉस तेलुगू से और बाकी 45.6 करोड़ रुपए अन्य भाषाओं से होगा।

## लाइफ Style



# दीपिका

## 'इश्क जैसा कुछ' में ऋतिक संग लगाई आग

एजेंसी ▸▸ मुंबई

ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण स्टारर 'फाइटर' का पहला गाना 'शेर खुल गए' 15 दिसंबर को रिलीज हुआ था, और अब मेकर्स ने नया गाना 'इश्क जैसा कुछ' रिलीज किया है। दीपिका की लुक की वजह से यह गाना रिलीज होते ही सुर्खियां बटोर रहा है। ऋतिक और दीपिका की सिजलिंग केमिस्ट्री, उनके डांस मूव्स और साथ ही दीपिका का ब्लैक बिकीनी अवतार फैंस के दिलों में आग लगा रहे हैं।

गाने का म्यूजिक भी कमाल का है, जिसकी फैंस तारीफ कर रहे हैं। हालांकि इस गाने का फील कुछ कुछ 'पठान' के 'बेशरम रंग' जैसा फील देता है। इश्क जैसा कुछ... यूट्यूब पर तेजी से वायरल हो रहा है। रिलीज के दो घंटे के अंदर ही इस गाने को साढ़े छह लाख से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं। जहां 'शेर खुल गए' एक पार्टी एंथम था, वहीं 'इश्क जैसा कुछ' एक डांस नंबर है, जिसे सुनते ही कदम अनायास ही थिरकने लगेंगे। फैंस का कहना है कि ऋतिक रोशन ने अपने डांस और दीपिका पादुकोने के साथ सिजलिंग केमिस्ट्री से इस गाने में जान डाल दी है। गाने के हुक स्टेप की भी खूब तारीफ हो रही है। फैंस का कहना है कि इस गाने को जितनी बार सुन रहे हैं, उतना ही यह सिर चढ़ रहा है। यह काफी एडिक्टिव सॉन्ग है। 'इश्क जैसा कुछ' गाना अपने शानदार रोमांटिक ट्रैक, ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण की जबरदस्त जोड़ी के बीच की दमदार केमिस्ट्री, खूबसूरत नजारे और गहराई से जुड़ने वाले म्यूजिक के साथ दर्शकों के दिलों को दीवाना करता है। विशाल-शेखर, शिल्पा राव और मेलो डी ने इस गाने को अपनी आवाज दी है। वहीं कुमार, मेलो डी और विशाल ददलानी ने लिरिक्स लिखे हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# यौन उत्पीड़न के आरोप

**लॉस एंजिलिस।** 'फास्ट एंड फ्यूरियस' के एक्टर विन डीजल पर उनकी एक्स असिस्टेंट ने यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है। गुरुवार को लॉस एंजिल्स में दायर मुकदमे के अनुसार, एस्टा जोनासन का दावा है कि एक्टर ने अटलांटा में 'फास्ट फाइव' के सेट पर काम करने के दौरान 2010 में उनका यौन उत्पीड़न किया था। उनका दावा है कि 2010 में डीजल ने उन्हें होटल के एक कमरे में दीवार के सटा दिया था और उनके सामने मास्टरबेट किया था।



# ब्रिटनी ने दिखाई घर के अंदर जले हुए जिम की तस्वीर

**लॉस एंजिलिस।** फेमस अमेरिकी सिंगर रहीं ब्रिटनी स्पीयर्स ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर की है। इसमें उन्होंने अपने घर के अंदर की झलक दिखाई है जिसमें कमरे के अंदर सबकुछ जला हुआ दिख रहा है। ब्रिटनी के घर का ये नजारा उनके घर के अंदर जिम का है, जो पूरी तरह से जला हुआ नजर आ रहा है। हैरानी वाली बात ये है कि ब्रिटनी ने कहा है कि इसे किसी और ने नहीं बल्कि उन्होंने खुद जलाया है। हालांकि, यहां बता दें कि ये तस्वीर आज की नहीं बल्कि तीन साल पुरानी साल 2020 में लगी आग की है। इस घटना में उनका होम जिम पूरी तरह से जल गया। 42 साल की ब्रिटनी ने 19 दिसंबर, 2023 को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लॉस एंजिलिस वाली हवेली में जले हुए जिम और कमरे में मौजूद जिम उपकरणों की झलक दिखाई है।



# अनन्या की बात से रोने लगती थी...

**मुंबई।** स्टारकिड अनन्या पांडे और सुहाना खान बचपन से एक अच्छी दोस्त हैं। दोनों एक साथ बड़ी हुई हैं। बहनों की तरह एक-दूसरे के करीब हैं। सुहाना खान की पहली फिल्म 'द आर्चीज' के प्रीमियर में अनन्या उनके साथ ही बैठी थीं, लेकिन अब हमें इन दोनों की एक और खास बात पता चली है। जिसे पढ़ने के बाद दोनों के फैंस ही मंद मंद मुस्कुराने लगेंगे। जी हां, इस बात का खुलासा खुद अनन्या पांडे ने ही किया है। आइए बताते हैं ये मजेदार किस्सा। दरअसल, अनन्या कुछ ऐसा करती थीं, जिससे सुहाना रोने लगती थीं। इसका खुलासा खुद एक्ट्रेस ने किया है। दरअसल, अनन्या अपनी अपकमिंग फिल्म 'खो गए हम कहां' के प्रमोशन में लगी हुई हैं। यह फिल्म भी दोस्ती के ईद-गिर्द घूमती है।



# 'डंकी' का ओपनिंग डे पर बुरा हाल...

**मुंबई।** आखिरकार वो घड़ी आ ही गई, जिसका सभी को बेसब्री से इंतजार था। बॉक्स ऑफिस पर इस साल के सबसे बड़े क्लैश की। जी हां, हम बात कर रहे हैं शाहरुख खान की 'डंकी' और प्रभास की फिल्म 'सालार' की। 21 दिसंबर को राजकुमार हिरानी की फिल्म रिलीज हुई तो शुक्रवार को केजीएफ और केजीएफ 2 वाले प्रशांत नील की मूवी ने भी सिनेमाघरों में दस्तक दे दी है। आंकड़ों के मुताबिक, शाहरुख खान की डंकी ने पहले दिन महज 30 करोड़ रुपए की ओपनिंग ली है। ये शाहरुख की इस साल की सबसे कम ओपनिंग है। ऐसा लग रहा था कि एसआरके की 'डंकी' पहले दिन रिकॉर्ड बनाएगी, लेकिन एडवांस बुकिंग के आंकड़े बता रहे थे कि ऐसा कुछ नहीं होने वाला है, क्योंकि 'डंकी' की एडवांस बुकिंग सिर्फ 15 करोड़ रुपए के आसपास रही।

## टीवी मसाला



# पूजा बनर्जी ने तोड़ी संस्कारी छवि

**मुंबई।** पूजा बनर्जी का नाम टीवी जगत की फेमस एक्ट्रेस की लिस्ट में जरूर शामिल रहेगा। अपनी कमाल की अदाकारी के अलावा बेबाक खूबसूरती के लिए पूजा काफी जानी जाती हैं। सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहने वालीं पूजा बनर्जी का एक लेटेस्ट वीडियो सामने आया है। जिसमें टीवी एक्ट्रेस अपनी संस्कारी छवि तोड़ती हुईं नजर आ रही हैं। आलम ये है कि पूजा (Puja Banerjee) का ये वीडियो अब इंटरनेट पर सनसनी मचा रहा है। छोटे पर्दे के फेमस शो 'देवों के देव महादेव' में पूजा बनर्जी ने अहम भूमिका अदा की। इस धार्मिक टीवी सीरियल में पूजा ने पार्वती का किरदार अदा किया था, इस रोल के लिए आज भी अभिनेत्री को जाना जाता है। इस बीच पूजा का एक लेटेस्ट वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसमें वह संस्कारी छवि तोड़ बोल्ड होती हुई दिखाई दे रही हैं।इस वीडियो को शुक्रवार को पूजा बनर्जी ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर किया है। पूजा का ये वीडियो उनके लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान का है, जिसमें वह हॉट अवतार में नजर आ रही हैं। अदाकारा के ये वीडियो हॉटनेस से काफी भरा हुआ है। इस वीडियो को देख ये साफ कहा जा सकता है कि टीवी एक्ट्रेस ने बोल्डनेस की सारी हदें पार कर दी हैं।



## अंकिता की मां ने शेयर किया दामाद विकी का वीडियो

**मुंबई।** अंकिता लोखंडे और विकी जैन के रिश्ते को बिग बॉस शो में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। आए दिन दोनों के बीच लड़ाई होती है। इतना ही नहीं हाल ही में अंकिता ने तलाक तक की बात कर दी। अंकिता के इस स्टेटमेंट को सुनकर फैंस हैरान हैं। फैंस को चिंता हो रही है कि कहीं इनका रिश्ता इस शो में टूट ना जाए। अब अंकिता के तलाक के स्टेटमेंट के बीच एक्ट्रेस की मां ने अपने दामाद को लेकर पोस्ट शेयर किया है। अंकिता की मां ने विकी का वीडियो शेयर किया है जिसे विकी के अकाउंट में ही शेयर किया गया है। वीडियो में विकी के मस्ती भरे अंदाज दिख रहे हैं। इस वीडियो को शेयर कर विकी के अकाउंट मे कैप्शन लिखा है, 'यह विकी भैया की पाठशाला है और हम उनसे नोट्स ले रहे हैं कि कूल कैसे बनें।

# मल्टीस्टाररर फिल्मों में नहीं काम करना चाहते नए हीरो



**मुंबई।** 'गोलमाल' सीरीज की फिल्मों, 'चेन्नई एक्सप्रेस' और 'सिंघम', 'सिम्बा' और 'सूर्यवंशी' जैसी धमाकेदार फिल्मों के निर्देशक रोहित शेट्टी मानते हैं कि हिंदी सिनेमा अब भी देश के बड़े तबके तक पहुंच नहीं पा रहा है। रोहित का ये भी कहना है कि हिंदी फिल्म जगत के शीर्षस्थ लोगों में एकता नही है और नई पीढ़ी के कलाकार मल्टीस्टाररर फिल्मों में काम करने से झिझकते है। एक इंटरव्यू में रोहित शेट्टी याद दिलाते हैं कि पहले दो तीन हीरो के साथ कितनी फिल्में बनती थी। लेकिन, अब के मैनेजर भी ये बात नही समझते और अभिनेताओं को असुरक्षित महसूस करवाते हैं। सलमान खान, शाहरुख खान और अजय देवगन जैसे बड़े कलाकारों ने भी मल्टी स्टारर फिल्मों में काम किया है। 'दृश्यम' इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। रोहित शेट्टी कहते हैं, 'हम सांस्कृतिक तौर पर जुड़े हुए नहीं हैं। अगर हम जुड़ पाएं तो हिंदी सिनेमा एक सशक्त इंडस्ट्री होगी। हम बहुत मजबूत इंडस्ट्री हैं लेकिन हम अपनी कुशलता और शक्ति को पहचानने में असफल हैं। अगर हम साथ आएं तो हम बहुत कुछ कर सकते हैं। दर्शक हमसे प्रेम करते हैं और हम समाज में कई बदलाव ला सकते हैं। हम इस बारे में सोच ही नहीं रहे कि थियेटरों की संख्या को कैसे बढ़ाया जाए। सरकार के साथ मिलकर कैसे बदलाव लाया जाए?



## असल जिंदगी में 'विलेन' निकले जोनाथन

**लॉस एंजिलिस।** मार्वल स्टूडियोज की फिल्मों में थानोस के बाद कांग को सबसे बड़ा सुपरविलेन बनाने की तैयारी थी। लेकिन एक्स गर्लफ्रेंड से मारपीट और उत्पीड़न के लिए दोषी ठहराए जाने के बाद मार्वल स्टूडियोज ने जोनाथन मेजर्स को बाहर निकाल दिया है। वह अब एमसीयू की किसी भी फिल्म या सीरीज में नजर नहीं आएंगे। जोनाथन मेजर्स को एक्स गर्लफ्रेंड के साथ थर्ड डिग्री मारपीट, दुष्कर्म और उत्पीड़न का दोषी पाया गया है। मार्वल स्टूडियोज ने जोनाथन को ऐसे वक्त में बाहर का रास्ता दिखाया है, जब वह आगे की कहानी में थानोस से भी बड़े विलन के किरदार में नजर आने वाले थे। जोनाथन के साथ एमसीयू 'एवेंजर्सः द कांग डायनेस्टी' फिल्म बनाने की तैयारी कर रहा था, जो मई 2026 में रिलीज होने वाली थी। जोनाथन को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

# मैंने प्यार किया के दौरान प्रेगनेंट थीं भाग्यश्री



**मुंबई।** अभिनेत्री भाग्यश्री ने सूरज बड़जात्या की फिल्म 'मैंने प्यार किया' से अपना बॉलीवुड डेब्यू किया था। इस फिल्म में उनके सलमान खान नजर आए थे। यह फिल्म जबर्दस्त हिट साबित हुई थी। इस फिल्म से सलमान और भाग्यश्री दोनों को खूब पहचान मिली थी। भाग्यश्री ने इस फिल्म की शूटिंग के बाद शादी कर ली थी। वह हिमालय दासानी के साथ रिश्ते में थीं और इस फिल्म से स्टार बनने के बाद उन्होंने शादी रचा ली थी। भाग्यश्री ने हाल ही में एक बातचीत में मैंने प्यार किया के दिनों को याद किया। बातचीत के दौरान उन्होंने फिल्म के पोस्टर की शूटिंग के दिनों को याद कर एक किस्सा साझा किया। भाग्यश्री ने बताया कि उस समय वह प्रेगनेंट थीं, लेकिन इस बारे में किसी को नहीं पता था। तो जब वह पोस्टर की शूटिंग के लिए गईं तो सलमान ने उन्हें कहा कि वह मोटी हो गई हैं। अभिनेत्री ने बताया, 'जब मैंने मशहूर फोटोग्राफर गौतम राजदक्ष्य के साथ मैंने प्यार किया के पोस्टर के लिए फोटोशूट किया था, तू मैं पांच महीने की गर्भवती थी।

## नेगेटिविटी झेलने के बाद भी बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई की

# पठान में दीपिका की बिकिनी से आदिपुरुष तक, इन फिल्मों पर हुए बड़े विवाद

साल 2023 बॉलीवुड इंडस्ट्री के लिए काफी शानदार रहा। पिछले कुछ समय से बॉलीवुड फिल्मों का जादू खत्म हो रहा था, इस साल सब निखरकर आया। कई फिल्में हिट रहीं तो कुछ फ्लॉप भी हुईं। वहीं ऐसी भी फिल्में थीं जिनको लेकर काफी विवाद हुआ। कुछ को बैन करने की भी मांग उठी। हालांकि इनमें ऐसी भी फिल्में हैं जिन्हें नेगेटिविटी झेलने के बाद भी बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई की।



### आदिपुरुष

प्रभास स्टारर आदिपुरुष को लेकर फैंस को काफी उम्मीद थी। फिल्म में प्रभास ने राम का किरदार निभाया था और कृति सेनन ने सीता का। हालांकि फिल्म के कुछ सीन, वीएफएक्स और डायलॉग्स से फैंस काफी निराश हुए। कई संगठन ने तो फिल्म को बैन करने तक की मांग की।

### एनिमल

रणबीर कपूर स्टारर एनिमल फिल्म को लेकर काफी विवाद हुआ। फिल्म में ओवर हिंसा, मैरिटल रेप सीन को लेकर कई लोगों ने विरोध किया। सोशल मीडिया पर भी कुछ ने फिल्म को काफी नेगेटिव बताया। हालांकि रणबीर की एक्टिंग की काफी तारीफ हुई और फिल्म बॉक्स ऑफिस पर भी छा गई।






### पठान

शाहरुख खान की फिल्म पठान इस साल की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म में से एक है। फिल्म को काफी जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला, लेकिन इसके गाने वेशर्म रंग को लेकर काफी बवाल हुआ था। गाने में दीपिका ने भगवा कलर की बिकिनी पहनी थी जिसको लेकर काफी विवाद हुआ।

### द केरल स्टोरी

फिल्म में जबरन धर्म परिवर्तन दिखाया गया और कथित तौर पर दावा किया था कि केरल में लगभग 32,000 महिलाओं को इस्लाम में परिवर्तन किया। फिल्म के अन्य कुछ सीन और डायलॉग भी काफी विवाद हुआ। यहां तक की फिल्म को बैन करने तक की मांग हुई थी।






### ओएमजी 2

अक्षय कुमार और पंकज त्रिपाठी स्टारर ओएमजी 2 सेक्स एजुकेशन पर आधारित थी। ट्रेलर में कुछ सीन को लेकर लोगों ने आपत्ती जताई थी जिसके बाद सीबीएफसी ने भी फिल्म को 'ए' सर्टिफिकेट दिया था। अक्षय और पंकज सीबीएफसी के इस फैसले से काफी हैरान थे।

## खबर संक्षेप



### वीर बाल दिवस पर विविध कार्यक्रम का आयोजन

**बैकुण्ठपुर।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय खरवत में वीर बाल दिवस कार्यक्रम के तहत निबंध प्रतियोगिता, चित्रकला, गायन सस्वर, कविता पाठन का आयोजन महिला बाल विकास विभाग के द्वारा किया गया। इसमें विद्यालय के छात्र सम्मिलित रहे। इन विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को जिला स्तर पर 26 दिसंबर वीर बाल दिवस पर सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में निर्णायक मंडल में मनोज पांडेय, श्रीमती शशि मिश्रा, सीमा रानी पांडेय रहे हैं। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य बृजनारायण मिश्रा, व्याख्याता राहुल अग्रवाल, मो.अख्तर अंसारी, चेतनारायण कश्यप, वीरेन्द्र जायसवाल, दीपा मजूमदार, सपना विश्वास, सीमा सिंह, श्रुति अवस्थी सहित सभी शिक्षक उपस्थित रहे। चतुर्थ कर्मचारी वर्ग में वीरांगना, उरशिला और मीरा रही। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता चेतनारायण कश्यप ने किया।

### छोटी बाई का बन रहा पक्का मकान

**एमसीबी।** मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर अंतर्गत ग्राम उजियारपुर की निवासी श्रीमती छोटी बाई द्वारा बताया गया कि मुझे प्रधानमंत्री आवास का लाभ दिया गया है और मकान बनाने का काम चल रहा है, इससे पूर्व हमारा घर झोपड़ीनुमा था। पक्का घर बनाने का मेरा सपना था, लेकिन यह सपना कैसे पूरा होगा मैं नहीं जानती थी। मुझे जब लोगों ने बताया कि मोदी जी ने एक घर बनाने की योजना चलाई है, तब मुझे विश्वास नहीं हो रहा था। अब जब मैं अपने पक्के मकान में रहूंगी, तो मुझे यह सोचकर एक सपना लगता है। पहले झोपड़ीनुमा घर में सांप बिच्छू आ जाते थे। बरसात में झोपड़ी टपकने लगती थी और ठंड के दिनों में बहुत परेशानी होती थी, पूरी रात आग के सहारे मेरा परिवार रहता था। अब पक्के घर में हम और हमारे बच्चे खुशहाली से रहेंगे। आवास एवं आवास निर्माण का पैसा मुझे प्राप्त हो रहा है। हमारा सपना साकार हो रहा है।

### स्वास्थ्य अधिकारियों को दी गई कानूनी जानकारी

**अम्बिकापुर।** सीएमएचओ कार्यालय के सभाकक्ष में गुरूवार को अधिवक्ता ओम प्रकाश एवं अमृत सिंह मरावी द्वारा खण्ड चिकित्सा अधिकारियों एवं महिला चिकित्सकों को कानूनों से अवगत कराया।

## निधन

### ओओ पीटर

**बैकुण्ठपुर।** स्थानीय खुटहनपारा बैकुंठपुर निवासी व ईएलसी मिशन अस्पताल बैकुंठपुर के सेवानिवृत्त चिकित्सक ओओ पीटर उम्र 75 वर्ष का निधन शुक्रवार को अपरान्ह हो गया। स्व. पीटर का अंतिम संस्कार दूसरे दिन शनिवार को दोपहर के समय नदी रोड स्थित कब्रस्तान में किया गया। अंतिम यात्रा में काफी संख्या में समाज के लोगों के साथ शहर के लोग शामिल हुए। स्व. पीटर अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए।

**न्यायालय तहसीलदार**
**बैकुण्ठपुर, जिला कोरिया (छ.ग.)**
ईकोर्ट रा.प्र.क्र. अ-6/2023-24
**//ईश्तहार//**

सर्व साधारण ग्राम ओड़गी प.ह.नं. 10 तहसील बैकुण्ठपुर जिला कोरिया (छ.ग.) तथा हितबद्ध पक्षकारों को सूचित किया जाता है, कि आवेदक अरविन्द कुमार आ. श्री जगदेव जाति पनिका निवासी चरचा कॉलरी तहसील बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया (छ.ग.) द्वारा आवेदन पेश कर दादी परमेश्वरी पति गुलीचंद की मृत्यु 21.08.2012 को हो गया है। आवेदक के दादी परमेश्वरी पति गुलीचंद के नाम ग्राम ओड़गी तहसील बैकुण्ठपुर स्थित भूमि ख.नं. 696/1, 699/3, 700/2, 806, 839, 857, कुल ख.नं. 06 रकबा 1.03 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक की दादी निःसंतान थी एवं उनके एक मात्र पुत्र रामनारायण आ. गुलीचंद थे, जिनकी मृत्यु हो चुकी है, वे भी निःसंतान थी जिनकी नाम पर ग्राम ओड़गी में स्थित भूमि ख.नं. 675/1, 808, 839, 857 कुल रकबा 2.19 है। आवेदक स्व. परमेश्वर एवं रामनारायण एक मात्र नाती तथा उत्तराधिकारी है तथा राजस्व अभिलेख में अपना नाम फौती संशोधन के रूप में दर्ज किये जाने हेतु निवेदन किया गया है।

अतः उक्त संबंध हित रखने वाले व्यक्तियों को यदि कोई आपत्ति हो तो वे दिनांक 9/01/24 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिभाषक के द्वारा इस न्यायालय में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार विमर्श नहीं किया जावेगा।

**तहसीलदार**
**बैकुण्ठपुर, जिला कोरिया (छ.ग.)**

### लगातार सूख रहे साल के पेड़

# साल बोरर के प्रकोप से मैनपाट के साल वनों के अस्तित्व पर संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मैनपाट के साल वन साल बोरर की समस्या से जूझ रहे हैं। जंगल के सीमित क्षेत्र से शुरू हुआ कीट धीरे-धीरे विकराल बनता जा रहा है। कीट साल पेड़ों को छेद देते हैं जिससे पेड़ सूख जाते हैं। साल वनों के लिए बेहद खतरनाक माने वाले कीटों का प्रकोप रोकने वनमंडल स्तर पर पहल नहीं होने के कारण क्षेत्र के साल वनों का अस्तित्व संकट में है।

**खास बात**

- कीट प्रकोप रोकने नहीं हो रही कारगर पहल

छत्तीसगढ़ के शिमला की पहचान वहां के साल जंगल, प्राकृतिक नदियां, झरने एवं पहाड़ है। साल वनों के कारण प्रकृति ने मैनपाट को विशेष वातावरण दिया है। इन वनों के कारण ही यहां का तापमान नियंत्रित रहता है। पिछले कुछ सालों से वनों में मानवीय दखल बढ़ने के कारण तेजी से पेड़ों का क्षरण हुआ है। वनभूमि पर कब्जा जमाने के लिए ग्रामीण योजना बद्ध तरीके से वनों का सफाया कर रहे हैं। इस बड़ी समस्या से अभी निजात नहीं मिली है कि जंगलों में साल बोरर का आक्रमण शुरू हो गया है। तीन-चार साल पहले साल बोरर के प्रकोप से इक्के-दुक्के पेड़ों से साल बोरर का हमला शुरू हुआ था। पेड़ों को सूखते देख वन अमले इसे गंभीरता से नहीं लिया। धीरे-धीरे कीट प्रकोप बढ़ने लगा तो वनकर्मियों ने इस पर ध्यान दिया। अब कीट का प्रकोप जंगल के बड़े क्षेत्र में फैल गया है जिससे साल के पेड़ तेजी से सूख रहे हैं। जानकारों का कहना है कि साल बोरर नामक कीट साल वृक्ष के रस को पसंद करता है। वह हरे पेड़ों में छेद कर घुस जाता है। पेड में जगह-जगह काफी लंबा सुराख कर देता है। एक साथ कई कीटों के प्रकोप से खोखले पेड़ सूख जाते हैं। जंगल के साल वृक्षों को सूखते देख वन अधिकारियों ने उष्णकटिबंद्धय वन अनुसंधान संस्थान टीएफआरआई जबलपुर को सूचना दी थी। सूचना पन वन अनुसंधान संस्थान की टभ्म मैनपाट पहुंची थी। टीम ने जंगल का भ्रमण कर साल पेड़ों पर साल बोरर कीट का प्रकोप होने का खुलासा किया था तथा वन अधिकारियों को कीट प्रबंधन का उपाय भी बताया था। वन अमले ने वैज्ञानिकों द्वारा बताई विधि से उपाय भी किया, लेकिन पूरी तरह सफलता नहीं मिल पाई। अधिकारी वर्षा के पूर्व जून के महीने में फिर से उपाय करने की बात कह रहे हैं।


जंगल में सूखे साल के पेड़।


कीट प्रभावित साल का पेड़।

#### पिछले साल पहुंचे थे वैज्ञानिक

वन परिक्षेत्राधिकारी फेकू चौबे ने बताया कि पिछले साल विभाग की सूचना पर वन अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिक डॉ. आरके मालवीय टीम के साथ मैनपाट पहुंचे थे। उन्होंने साल बोरर के नियंत्रण के लिए साल के कोमल पत्तों व टहनी को गुड़ में मिलाकर आग में पकाकर पेड़ के पास रखने के सुझाव दिए थे। सुझाव पर इस बार जून महीने में यह प्रयोग किया गया था। जंगल में तीन-चार स्थानों पर मिश्रण रखा गया था। मिश्रण को खाने बड़ी संख्या में साल बोरर पहुंचे थे जिन्हें एकत्र कर नष्ट किया गया था। इस बार फिर से अभियान चलाकर प्रभावित क्षेत्र के वनों में यह प्रयोग किया जाएगा तथा आवश्यकता पड़ेगी तो वैज्ञानिक का भी मार्गदर्शन लिया जाएगा।

#### 90 के दशक में हुआ था भीषण प्रकोप

इसके पूर्व 1990 के दशक में सरगुजा के साल बनों में साल बोरर का भीषण प्रकोप हुआ था। तब विभाग ने कीटों को नियंत्रित करने के लिए वैज्ञानिक विधि का उपयोग करने के साथ ही बड़ी संख्या में रोग प्रभावित सूखे पेड़ों को काटा गया था। उपायों के बाद सरगुजा के वनों से साल बोरर की समस्या पूरी तरह खत्म हो गई थी। इसके 30 सालों बाद मैनपाट में वनों में यह समस्या देखी जा रही है।

#### इन क्षेत्रों में अधिक प्रकोप

वन परिक्षेत्र मैनपाट अंतर्गत सपनादर, नागाडांड एव ललेया जंगल में साल बोरर का अधिक प्रकोप देखा जा रहा है। इन क्षेत्रों में कीट प्रभावित सैकड़ों साल के पेड़ सूख चुके हैं। वन विभाग ने स्थानीय स्तर पर कीट प्रभावित पेड़ों की गणना कराई थी जिसमें 500 पेड़ कीट प्रभावित पाए जाने का दावा किया जा रहा है। वन परिक्षेत्र अंतर्गत कक्ष क्रमांक 2323, 2333, 2338, 2336, एवं 2344 में कीट प्रकोप देखा गया है।

#### कराया जाएगा सर्वे

जल्द ही साल बोरर प्रभावित जंगल का सर्वे कराया जाएगा एवं पीएफआरआई के वैज्ञानिकों को स्थिति से अवगत कराया जाएगा। कीट प्रबंधन के लिए शीघ्र प्रभावी कार्यवाही की जाएगी।

-नवीद सुजाउद्दीन
सीसीएफ, सरगुजा


आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित हितग्राही।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा में पहुंच रहे हितग्राही

हरिभूमि न्यूज ⏭ एमसीबी

कलेक्टर नरेन्द्र कुमार दुग्गा के निर्देशन में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत प्रधानमंत्री की शासकीय योजनाओं के प्रचार रथ ने शुक्रवार को मनेन्द्रगढ़ जिले के तीनों विकासखंड पहुंचकर प्रधानमंत्री की योजनाओं प्रचार-प्रसार का शानदार पांचवा दिन पूरा किया। रथ 22 दिसंबर को मनेन्द्रगढ़ विकासखंड के हर्रा, नागपुर, ताराबहरा तथा बिहारपुर, विकासखंड भरतपुर के ग्राम बड़गांवकला तथा मनियारी, विकासखंड खड़गवां के ग्राम पेन्ड्री तथा ग्राम गिद्धमुड़ी पहुंचा। इन चिन्हित स्थानों पर शासकीय योजनाओं की जानकारी देने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कृषि विभाग से मृदा परीक्षण सहित अन्य योजनाओं की जानकारी दी गई। राजस्व विभाग, खाद्य विभाग से उज्वला गैस कनेक्शन के लिए हितग्राहियों का पंजीयन कराया गया। स्वास्थ्य विभाग से ग्रामीणों गैर संचारी रोग बीपी शुगर की जांच कराई। पशुधन विकास विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, सहकारी बैंक, भारतीय स्टेट बैंक के द्वारा स्टॉल लगाकर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिया गया।

### बच्चों को दी गई साइबर अपराध से बचने की जानकारी



**राजपुर।** साइबर अपराध के प्रति बच्चों को जागरूक करने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। एसपी डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देश पर सेंट जेवियर्स स्कूल में शिविर लगाकर बच्चों को साइबर अपराध से बचने के साथ ही सोशल मीडिया के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान बच्चों को सोशल मीडिया फेसबुक, इंस्टाग्राम व अन्य प्लेटफार्म के बारे में जानकारी दी गई। बच्चों को बताया गया कि किसी भी अनजान नंबर के फोन कॉल को रिसीव नहीं करना चाहिए इसके साथ ही अपने खातों के पासवर्ड की जानकारी गोपनीय रखने की जानकारी दी गई।

### एक्सपोजर विजिट हेतु रवाना किए गए 67 बच्चे



**सीतापुर।** कलेक्टर कुंदन कुमार के निर्देश पर एक्सपोजर विजिट के लिए विकासखंड से 67 बच्चों का चयन किया गया। जिन्हें स्पेशल बस द्वारा हरी झंडी दिखाकर बीइओ मिथिलेश सिंह सेंगर ने रवाना किया। इन बच्चों के साथ अपनी देखरेख में सैर कराने हेतु दो शिक्षक और दो शिक्षिकाएं भी साथ गई है। इस एक्सपोजर विजिट के दौरान बच्चों को रेलवे स्टेशन, कलेक्टर कार्यालय, आकाशवाणी केंद्र, वाटर पार्क, अंतर्राज्यीय बस स्टैंड आदि की सैर करेंगे। इस अवसर पर एबीईओ महेश सोनी, बीआरसी रमेश सिंह, शिक्षिका निलांद्री पैंकरा, कुसुमलता समेत अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।


सरस्वती विकास विद्यालय के वार्षिकोत्सव में प्रस्तुति देते बच्चे।

## सरस्वती विकास विद्यालय में वार्षिकोत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

शहर के मध्य स्थित सरस्वती विकास विद्यालय का वार्षिकोत्सव शुक्रवार को मनाया गया। इसमें विद्यार्थियों ने गीत, नृत्य, नाटिका समेत अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां सामाजिक मुद्दों के प्रति जागरूक किया। समारोह में विभिन्न क्षेत्रों के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष पूनम चंद्र अग्रवाल ने कहा कि बच्चों को अच्छा नागरिक बनाने में माता-पिता के बाद शिक्षण संस्थानों का अहम योगदान होता है। शिक्षकों को बच्चों को संस्कारवान बनाने गुणवत्तापरक शिक्षा देनी चाहिए। मनेन्द्रगढ़ सरस्वती विसा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं सरस्वती कन्या महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ का 54 वां वार्षिकोत्सव समारोह उत्साह पूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के यूकेजी क्लास से लेकर कक्षा 12 वीं एवं कन्या महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा बहुत ही रोचक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। खासकर हनुमान चालीसा, भगवा रंग, बेटी बचाओ, सेना को समर्पित एवं नौ देवियां कार्यक्रम आकर्षण का केन्द्र रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती विकास विद्यालय समिति के संरक्षक रतन कुमार अग्रवाल, राजेन्द्र कुमार बोंदिया,उपाध्यक्ष सुंदरलाल दुग्गड़, प्रमोद कुमार पोद्दार, कोषाध्यक्ष सुशील कुमार गोयल, कमल कुमार केजरीवाल, किशोर कुमार अग्रवाल, सहसचिव सोहनलाल पोद्दार, विजय कुमार केजरीवाल, योगेश कुमार अग्रवाल के द्वारा मां वीणापाणी के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन सरस्वती विकास विद्यालय के प्राचार्य वेद प्रकाश पाण्डेय एवं कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य पीएन तिवारी, विद्यालय के प्रधान पाठक हीरालाल केवट, श्रीमती ममता अग्रवाल एवं विद्यालय के समस्त स्टाफ व कन्या महाविद्यालय के समस्त स्टाफ का सहयोग सराहनीय रहा। कार्यक्रम के सफलता के लिए संस्था के अध्यक्ष पूनम चंद अग्रवाल ने आभार व्यक्त किया।

## डीएवी में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर



डीएवी पब्लिक स्कूल विश्रामपुर में 22 व 23 दिसंबर को आयोजित दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के आयोजन का शुक्रवार को शुभारंभ हुआ। इसमें स्कूल के 145 छात्र - छात्रा उत्साह के साथ फ्लैट रेस, बनाना रेस, गोला फेंक, तवा फेंक, लंबीकूद, ऊंची कूद, रस्सी कूद व अन्य विविध स्पर्धाओं में भाग ले रहे हैं। दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय महाप्रबंधक अजय तिवारी रहे, विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती ममता तिवारी अध्यक्षा शिवानी महिला मंडल विश्रामपुर, श्रीमती शुभा पाठक उपस्थित रहीं, अतिथियों को विद्यालय प्राचार्य एचके पाठक एवं वरिष्ठ अध्यापक-अध्यापिकाओं द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर तथा कैप व बैज पहनाकर स्वागत किया गया। संगीत शिक्षक नासिर खान एवं मनीष शर्मा के निर्देशन में छात्र-छात्राओं द्वारा स्वागत गान प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि अजय तिवारी, महाप्रबंधक विश्रामपुर क्षेत्र द्वारा क्रीड़ा ध्वजारोहण कर मशाल प्रज्वलित कर आयोजन का शुभारंभ किया गया। स्कूल कैप्टन सौरभ यादव ने प्रतिभागियों को खेल को खेल भावना के साथ खेलने की शपथ दिलाई गई। एलकेजी व यूकेजी के नन्हें बच्चों द्वारा प्रस्तुत संगीतबद्ध समूह नृत्य श्रीमती प्रगति दीक्षित के निर्देशन में जूनियर एवं सीनियर वर्ग के छात्र छात्राओं द्वारा प्रस्तुत समूह नृत्य और खेल शिक्षिका श्रीमती चित्रावती मिश्रा के निर्देशन में 5 वीं के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत डंबल पीटी की प्रस्तुति ने सभी दर्शकों का मनमोह लिया। मुख्य अतिथि अजय तिवारी ने कहा कि खेल मानव जीवन का अभिन्न अंग है। खेलों द्वारा हमारा शरीर स्वस्थ और मजबूत बनता है। प्राचार्य एचके पाठक ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि बच्चों की शैक्षिक उपलब्धियों के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियों एवं खेलकूद के माध्यम से उनका सर्वांगीण विकास करना विद्यालय का प्रमुख उद्देश्य रहा है। क्लस्टर-2 लेवल पर आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में डीएवी विश्रामपुर के विद्यार्थियों ने अपने उत्कृष्ट क्रीड़ा कौशल को बरकरार रख कर गेवरा, कुसमुंडा और कोरबा में ज़ोनल स्तर पर आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी खेल प्रतिभा का लोहा मनवाया। बालक वर्ग में 12 स्वर्ण पदक 19 रजत पदक व 7 कांस्य पदक एवं बालिका वर्ग में 33 स्वर्ण पदक, 8 रजत पदक व 6 कांस्य पदक जीत कर विद्यालय को गौरवान्वित किया।

## श्रीराम कथा के नौवें दिन राम सीता का विवाह समारोह



**चरचा कॉलरी।** श्री रामकथा ज्ञान यज्ञ भव्य महोत्सव का आयोजन चरचा के वार्ड क्रमांक 6 स्थित मुख्य मार्ग जमुई मोदी समाज मंदिर प्रांगण में 15 से 23 दिसंबर तक किया जा रहा है। वहीं 24 दिसंबर को अखंड़ हरी कीर्तन प्रातः 8 बजे से कर अगले दिन पुर्ण आहुति एवं हवन-पूजन कर समापन किया जाएगा, साथ ही उसी दिन शाम से भंडारे का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन एंटी करप्शन मूवमेंट महासचिव दशरथ प्रसाद मोदी के सौजन्य से प्रारंभ किया गया है। इसमें निरंतन 10 दिनों तक लगातार चल रहा है। वहीं शुक्रवार की शाम 5 बजे श्रीराम मंदिर प्रांगण से रामजी की शोभा यात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा राजीव गांधी चौक से मुख्य मार्ग होते हुए स्थल पर पहुंची। शोभायात्रा में डीजे की धून पर काफी संख्या में महिला-पुरूष नाचते-झूमते रहे। जहां प्रभु श्रीराम का माता सीता से विवाह संपन्न करना। वहीं राम सीता का विवाह देखने सैकड़ों महिला-पुरुष मौजूद रहे। श्री रामकथा में व्यास नथुनी पाण्डेय बैजनाथ धाम एवं यज्ञाचार्य अरुणेश शुक्ला चरचा के द्वारा किया जा रहा है।

## पति के विरूद्ध झूठा केस दर्ज करने पर पत्नी ने की आईजी से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ महंगई

पति के विरूद्ध फर्जी तरीके से झूठा अपराध दर्ज करने तथा फसाने वाले लोगों के विरूद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग को लेकर पीड़ित की पत्नी ने आईजी से शिकायत की तथा दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

आईजी को सौंपे ज्ञापन में रामानुजनगर निवासी लक्ष्मी जायसवाल पति विकास जायसवाल ने बताया है कि उसके पति के विरूद्ध रामानुजनगर थाने में आबकारी एक्ट के तहत 7 अगस्त को झूठा अपराध दर्ज किया गया है। जिसके बाद से पति जेल में विचाराधीन है। जबकि पति विकास जायसवाल का शराब अफरा तफरी से कोई संबंध नहीं है और न कहीं कभी चालक का काम किए है। घटना दिनांक को पुत्र का जन्म दिन था। घर में मेहमान आए हुए थे। इसी दौरान शाम 7 बजे थाने से पुलिस आए और जबरन पकड़ कर ले गए और शराब लोड पिकअप का चालक बताकर झूठा अपराध दर्ज किया गया। जबकि घर से काफी दूर अज्ञात व्यक्ति शराब लोड पिकअप को खड़ा कर चला गया था। झूठे प्रकरण में पति पिछले तीन माह से जेल में बंद है परंतु आज तक पुलिस पिकअप मालिक का पता नहीं कर से। लक्ष्मी जायसवाल ने दोषियों के विरूद्ध जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है।










